अगले 3 साल में बनेगा 'ड्रग फ्री मध्यप्रदेश' 15 जुलाई से शुरू होगा बड़ा अभियान

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस ने अगले तीन वर्षों में प्रदेश को ड्रग फ्री मध्यप्रदेश बनाने का बड़ा लक्ष्य तय किया है। इस दिशा में 15 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक पूरे प्रदेश में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान चलाया जाएगा। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाणा ने पुलिस मुख्यालय भोपाल में आयोजित दो दिवसीय जोनल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक एवं विशेष सशस्त्र बल (विसबल) जोनों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक में अपराध नियंत्रण, न्यायालयीन प्रकरणों, पुलिस आधुनिकीकरण, मानव संसाधन प्रबंधन और प्रशासनिक सुधारों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सुशासन, जवाबदेही और प्रभावी पुलिसिंग के निर्देश दिए। डीजीपी मकवाणा ने सेफगार्ड योजना के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित लगभग एक लाख सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क विकसित करने के निर्देश

दिए। यह नेटवर्क कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही नवगठित जिलों मैहर, मऊगंज और पांढुर्णा में सीसीटीवी नेटवर्क विस्तार को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए।

स्कूल-कॉलेजों के आसपास बनेंगे ड्रग फ्री जोन

बैठक में निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक संस्थानों के 500 मीटर के दायरे को चरणबद्ध तरीके से ड्रग फ्री जोन बनाया जाएगा। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई, ड्रग हॉटस्पॉट क्षेत्रों की निगरानी और जन-जागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

लंबित न्यायालयीन मामलों के शीघ्र निराकरण पर जोर

डीजीपी ने उच्च न्यायालय सहित विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों, अवमानना याचिकाओं, सेवा संबंधी विवादों और रिट याचिकाओं की नियमित समीक्षा कर समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में सभी कार्यालयीन कार्यों में ई-ऑफिस प्रणाली के शत-प्रतिशत उपयोग पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिकतम डिजिटल बनाया जाए और स्थानांतरित अधिकारियों-कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से भारमुक्त किया जाए।

उत्कृष्ट पुलिसकर्मियों को मिलेगा सम्मान

डीजीपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत करने तथा उनके नाम राज्य और राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों, विशेष रूप से के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार के लिए प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों को पहचान मिलना पुलिस बल के मनोबल और कार्य संस्कृति के लिए आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत पिछले छह महीनों में की गई कार्रवाई के दौरान 10 महत्वपूर्ण मामलों में लगभग 53 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति फ्रीज की गई है। इसके अलावा मादक पदार्थों के विनिष्टीकरण, चिन्हित अपराधियों पर कार्रवाई और वॉर्डर मीटिंग्स की समीक्षा भी की गई।

पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य पर विशेष फोकस

डीजीपी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य संबंधी मामलों के त्वरित निराकरण के लिए जिला पुलिस अधीक्षक हर माह सिविल सर्जन के साथ बैठक करें। इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर अस्पतालों के साथ एमओयू किए जाएंगे।

'नमोस्तु' के जयकारों से गूंजा वातावरण

भोपाल में श्रद्धालुओं ने मुनि सुधासागर महाराज से गुना में किया चातुर्मास का आग्रह

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

पूज्य आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि सुधासागर महाराज के संभावित चातुर्मास को लेकर राजधानी भोपाल के हजारों श्रद्धालु गुना पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बसों और निजी वाहनों से यात्रा कर श्रीफल अर्पित करते हुए विनम्र भाव से मुनि श्री से भोपाल में चातुर्मास करने का निवेदन किया। पूरे पंडाल में हे स्वामी नमोस्तु के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में पूर्व जस्टिस अभय गोहिल और वरिष्ठ अधिवक्ता विजय चौधरी के नेतृत्व में यह धार्मिक निवेदन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और उत्साह देखने को मिला। मुनि श्री ने दोनों हाथों से आशीर्वाद देते हुए कहा कि धर्म और अध्यात्म की सत्ता सदैव समाज को प्रफुल्लित करती है और विश्व में शांति का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि राजधानी को केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक राजधानी के रूप में भी विकसित होना चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि जब लोग सांसारिक वैभव छोड़कर आध्यात्मिक मार्ग की ओर अग्रसर होते हैं, तो यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। आयोजन में विभिन्न सामाजिक संगठन, महिला मंडल, युवा मंडल और मंदिर समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यात्रा संयोजक नरेंद्र टोंग्या और प्रवक्ता अंशुल जैन ने भी आयोजन की जानकारी दी।

एम्स में स्टोन आर्ट पर कार्यशाला

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

एम्स भोपाल के स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र द्वारा दो दिवसीय स्टोन आर्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र के मॉडलर आर्टिस्ट (मॉडलर कलाकार) अभिलाष देवांगन ने प्रतिभागियों को स्टोन आर्ट की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों ने साधारण पत्थरों को आकर्षक कलाकृतियों में बदलते हुए रचनात्मकता, आत्म-अभिव्यक्ति और कला के माध्यम से तनाव कम करने के तरीकों को सीखा। यह आयोजन मानसिक स्वास्थ्य, कार्य-जीवन संतुलन और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र की महत्वपूर्ण पहल रहा। आज की व्यस्त जीवनशैली में मानसिक तनाव एक सामान्य समस्या बनता जा रहा है। ऐसे में कला और रचनात्मक

गतिविधियां लोगों को तनाव से राहत देने और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इसी उद्देश्य के साथ एम्स भोपाल के स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र द्वारा दो दिवसीय स्टोन आर्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य रचनात्मकता, मानसिक शांति, विश्राम और कलात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना था।

कार्यशाला का संचालन स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र के मॉडलर आर्टिस्ट (मॉडलर कलाकार) अभिलाष देवांगन ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को स्टोन आर्ट की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान पत्थरों की सतह तैयार करने, डिज़ाइन बनाने, रंगों का उपयोग करने तथा कलाकृति को अंतिम रूप देने की प्रक्रियाएं सिखाई गईं। प्रतिभागियों को अपनी कल्पनाशीलता का उपयोग करते हुए साधारण पत्थरों को सुंदर और आकर्षक कलाकृतियों में बदलने के लिए प्रेरित किया गया। दो दिनों तक चली इस कार्यशाला में कुल 75 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला ने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ रचनात्मक गतिविधि में शामिल होने का अवसर प्रदान किया। प्रतिभागियों ने न केवल कला के मूलभूत कौशल सीखे, बल्कि कला के माध्यम से मानसिक सुकून और तनावमुक्ति का अनुभव भी किया।

शिक्षा, संस्कार और समन्वय से ही बनेगा उज्ज्वल भविष्य : डॉ. महेंद्र सिंह यादव

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

पिछड़ा दलित विकास महासंघ के बैनर तले रविवार को टीटी नगर स्थित समन्वय भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 500 छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि अपेक्स बैंक के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह यादव थे। कार्यक्रम में राधारमण इंस्टीट्यूट ग्रुप के चेयरमैन संजीव सक्सेना, महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दर्दन यादव, मिलेनियम इंस्टीट्यूट ग्रुप के चेयरमैन विनोद यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन में बड़ी संख्या में

विद्यार्थियों, अभिभावकों, महासंघ के पदाधिकारियों एवं महिलाओं ने भाग लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में डॉ. महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा ऐसा धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए शिक्षा के साथ संस्कार और समन्वय की भावना सीखना भी उतना ही आवश्यक है। आज के व्यस्त जीवन में आत्मीयता और पारिवारिक एकता की जरूरत पहले से अधिक है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने, सुबह जल्दी उठने तथा नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने की सलाह दी। साथ ही अभिभावकों से बेटा-बेटी में भेदभाव किए बिना समान अवसर देने का आग्रह किया।

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दर्दन यादव ने कार्यक्रम के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि आयोजन के लिए समाज से जनसहयोग के रूप में 1.75 लाख रुपए प्राप्त हुए, जबकि कुल व्यय लगभग 3.05 लाख रुपये रहा। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने इसे महासंघ का संकल्प और अपनी व्यक्तिगत प्रतिज्ञा बताया। राधारमण कॉलेज ग्रुप के चेयरमैन संजीव सक्सेना ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण और आत्मविकास के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। महासंघ के महासचिव एन.आर. यादव ने कहा कि आज के छात्र-छात्राएं ही देश का भविष्य हैं और इन्हीं में से आगे चलकर प्रशासनिक एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर अधिकारी बनेंगे। मिलेनियम कॉलेज ग्रुप के चेयरमैन विनोद यादव ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ सामाजिक समझ और सामान्य ज्ञान बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए हर संभव मार्गदर्शन और सहयोग का भरोसा दिलाया। महिला विंग की अध्यक्ष सीमा यादव ने समाज में एकता बनाए रखने और बच्चों को शिक्षा व करियर में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शिवजी यादव, विकास यादव, कृष्ण सर, संदीप यादव, अनीता कुशवाहा, शैलेंद्र यादव, दिलीप यादव, शैलेश सेन, रेखा सेन, अरविंद कुशवाहा, प्रो. सूर्यदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

स्टेट फॉरेस्ट ऑफिसर्स एसोसिएशन के अधिवेशन में लिया एकजुटता का संकल्प

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

स्टेट फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर्स (राजपत्रित) एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा महा अधिवेशन एवं निर्वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महा अधिवेशन कार्यक्रम में प्रदेश के सभी रेंज ऑफिसर्स द्वारा शिरकत कर एक जुटता का परिचय दिया गया। साथ ही निर्वाचन कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें रविंद्र पाटीदार को अध्यक्ष पद हेतु चुना गया वही प्रियंका गोयल एवं विपुल प्रभात करोरिया उपाध्यक्ष हेतु चुने गए।

वही विमला मुबेल को उपाध्यक्ष हेतु मनोनीत किया गया। शशांक वर्मा संगठन के सचिव एवं प्रवेश पाटीदार कोषाध्यक्ष चुने गए। अतुल सिंह बघेल को कार्यकारिणी का प्रवक्ता चुना गया। इस प्रकार रेंजर एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई, जिसमें मार्गदर्शन हेतु रजनीश कुमार शुक्ला को सर्वसम्मति से संरक्षक बनाया गया।

विश्व रक्तदाता दिवस पर बीएमएचआरसी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 13 जून को आईसीएमआर भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र , भोपाल के रक्ताधान चिकित्सा विभाग द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीएमएचआरसी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ महावीर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ विकास सिंह बागरी के सहयोग से विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया

गया। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान मानवता की सेवा का एक श्रेष्ठ माध्यम है तथा जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में 14 जून को एनराइज़ सयाजी होटल, भोपाल में भी एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील की गई है।

स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए विधायक सबनानी

भोपाल। राजधानी में आदिवासी हलबा/हल्बी समाज भोपाल द्वारा वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं आम सभा में आयोजित की गई। कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी ने सहभागिता कर समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं युवाओं से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कहा कि समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक एकता को सशक्त बनाने में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर समाज के विकास, शिक्षा, युवाओं के उत्थान एवं सामाजिक समरसता से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने यात्रियों को दी गई विशेष जानकारी

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल (रजिस्टर्ड) भोपाल द्वारा अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष मार्गदर्शन एवं जागरूकता बैठक का आयोजन पिपलानी स्थित विधायक कार्यालय, अवधपुरी रोड, भेल भोपाल में किया गया। बैठक में यात्रियों को सुरक्षित एवं सफल यात्रा के लिए आवश्यक जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 28 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी। कुल 58 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में मंडल के लगभग 16 जत्थे बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना होंगे। बैठक में योग गुरु डॉ. विनीता सिथोलिया ने यात्रियों को पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा

के दौरान शारीरिक संतुलन बनाए रखने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव के लिए योगाभ्यास कराया। वहीं प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. तरुवर सिंह लोधी (अभीश्री हॉस्पिटल, इंदुपुरी) ने यात्रा के दौरान संभावित मेडिकल इमरजेंसी, स्वास्थ्य सुरक्षा और प्राथमिक उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

मंडल सचिव रिंकू भटेजा ने श्रद्धालुओं को सलाह दी कि वे छोटे-छोटे समूहों में तथा धीरे-धीरे कदम बढ़ाते हुए यात्रा करें। उन्होंने यात्रा में साथ ले जाने वाले आवश्यक सामान, खान-पान, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और यात्रा को सकुशल संपन्न करने के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कई बार अमरनाथ यात्रा कर चुके अनुभवी यात्रियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और नए यात्रियों को उपयोगी सुझाव दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा भोलेनाथ की आरती के साथ किया गया।

ढीमर, भोई, केवट, मल्लाह समाज को एसटी में शामिल करने सौंपा ज्ञापन

भोपाल। जय केवट सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज संघ एवं माझी पंचायत सीहोर के तत्वावधान में शाहजहानी पार्क, भोपाल में माझी समाज का एक महत्वपूर्ण ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल मध्यप्रदेश के नाम ज्ञापन सौंपकर माझी जनजाति के साथ समाहित ढीमर, भोई, केवट, मल्लाह आदि समाजों को अनुसूचित जनजाति सूची में अधिसूचित किए जाने की मांग उठाई। ज्ञापन में मांग की गई कि वर्तमान में माझी जनजाति प्रमाणपत्र धारकों के विरुद्ध चल रही जांच एवं कार्रवाई को इस प्रकरण के अंतिम निराकरण तक स्थगित किया जाए तथा मूल माझी जाति एवं उसके जातिवर्ग की पहचान के लिए व्यापक जांच कराई जाए।

नाबार्ड के सहयोग से चार पारंपरिक उत्पादों को मिला जीआई टैग

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक(नाबार्ड) के सहयोग से मध्यप्रदेश के चार विशिष्ट पारंपरिक उत्पादों को हाल ही में भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि राज्य की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक शिल्पकला और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। जिन उत्पादों को जीआई टैग प्रदान किया गया है, उनमें खजुराहो धातु शिल्प (जिला छतरपुर), मालवा पेंटिंग (मालवा क्षेत्र, जिला धार), सारंगपुर हैंडलूम साड़ी और कपड़े (जिला राजगढ़) और भोपाली बटुआ और जरी शिल्प(भोपाल) शामिल हैं। नाबार्ड ने इन उत्पादों के जीआई पंजीकरण की प्रक्रिया में वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन और शिल्पकार समूहों तथा संबंधित संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक उत्पादों की विशिष्ट पहचान को संरक्षित करना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इन जीआई पंजीकरणों की सफलता विभिन्न हितधारकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। इस प्रक्रिया में एमएस एमई विभाग, मध्य प्रदेश का सहयोग तथा जीआई मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध रजनीकांत का तकनीकी मार्गदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। ये सभी उत्पाद मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और शिल्प कौशल का प्रतिनिधित्व करते हैं। खजुराहो का धातु शिल्प अपनी बारीक कारीगरी के लिए प्रसिद्ध है, जबकि मालवा पेंटिंग क्षेत्रीय कला शैली की अनूठी पहचान है।

साई रत्न अवार्ड कल

भोपाल। राजधानी स्थित पश्चिम ग्लैक्सी अपार्टमेंट, बावड़िया कलां, शाहपुरा, भोपाल स्थित मंदिर में डॉ. कोमल साई कृति के सौजन्य से मां दुर्गा एवं राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी, जिसके उपलक्ष्य में प्रात: 8:30 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात मंदिर परिसर में साई रत्न अवार्ड समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चयनित व्यक्तित्व को साई रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाता है, इस वर्ष यह सम्मान महेन्द्र मिश्रा (संचालक, गौशाला) को प्रदान किया जाएगा। सम्मान स्वरूप उन्हें 11,000 की राशि एवं साई बाबा का स्मृति-चिन्ह (मोमेंटो) प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा गौर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मध्य प्रदेश शासन के करकमलों से प्रदान किया जाएगा।